# तू राधे राधे बोल रे | By Sardar Romi |

वृंदावन में राधे राधे
बरसाने में राधे राधे
कुंज गलिन में राधे राधे
यमुना तट पे राधे राधे

तू राधे राधे बोल रे
नाम अनमोल रे
मिलेगा सांवरिया
हृदय पट खोल रे
तू राधे राधे बोल रे

ममतामयी करुणामयी प्यारी
श्री राधे वृषभान दुलारी
जिसके प्रेम अधीन हो गए
शिवनंद नंदन कृष्ण मुरारी
बिके बिन मोल रे
ना कोई तोल मोल रे
तू राधे राधे बोल रे
नाम अनमोल रे

वृंदावन की सारी गलियाँ
गूँजे राधे नाम से
राधे को सारे ब्रज आराधे
कृष्ण सखा ब्रजधाम के
ना मन तू डोल रे
ये अमृत घोल रे
तू राधे राधे बोल रे
नाम अनमोल रे

देख युगल छवि राधे श्याम की
दुनिया हुई दीवानी
गूँज रही ब्रज के कण-कण में
पावन प्रेम कहानी
है ब्रज में शोर रे
ये दोनों चित चोर रे
तू राधे राधे बोल रे
नाम अनमोल रे

राधे राधे रट ले प्राणी
ये जीवन खिल जाएगा
राधे जी की कृपा से तुझे
सांवरिया मिल जाएगा
तू मन को टटोल रे
प्रेम अनमोल रे
तू राधे राधे बोल रे
नाम अनमोल रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-sardar-romi/